# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून

**महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून - 248195**

**सं. : AMG-II/शहरी विकास/प्रतिवेदन संख्या- 23/2020-21/**

**दिनांक :    /03/2021**

**सेवा में,**

**अधिशासी अधिकारी,**

**नगर पालिका परिषद - डोईवाला,**

**जनपद – देहरादून।**

**विषय : नगर पालिका परिषद- डोईवाला, जनपद- देहरादून के 2019-20 का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।**

**महोदय,**

आपके कार्यालय का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रेषित कर यह अवगत कराना है कि प्रतिवेदन के भाग II (अ) में **शून्य** प्रस्तर तथा भाग-II (ब) में **02** प्रस्तर एवं STAN में **शून्य** प्रस्तर (पृष्ठ संख्या 01 से 09 तक) हैं। इन प्रस्तरों को भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक, नई दिल्ली की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन (Annual Technical Inspection Report) (ATIR) में सम्मिलित किया जाना सम्भावित है। भाग-2 (ब) के सभी प्रस्तरों के प्रतिपालन आख्या अपने उच्चतर अधिकारी के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रतिवेदन की प्रथम प्रतिपालन आख्या इस पत्र की प्राप्ति के एक माह के अन्दर संलग्न प्रारूप में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक** : 1. प्रतिवेदन की प्रति।

2. प्रतिपालन आख्या का प्रारूप।

**भवदीय,**

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/AMG-II**

**सं. :AMG-II/शहरी विकास/प्रतिवेदन संख्या- 23/2020-21/          दिनांक:   /03/2021**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:**

1- निदेशक, शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड, 31/62 निकट राजपुर रोड़ साईं इंस्टीट्यूट के पास, देहरादून।
2- निदेशक, लेखापरीक्षा (ऑडिट निदेशालय) द्वितीय तल, आयुक्त कर भवन, जोगीवाला, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून, पिन कोडः 248005 ।

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/AMG-II**

निरीक्षण आख्या **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, डोईवाला , जनपद- देहरादून** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गयी है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहारादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## भाग-I

**परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री शैलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ लेखापरीक्षक, श्री नित्यानन्द सिंह, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी तथा श्री आर0के0 जोगी, व0ले0प0अ0 द्वारा सुश्री नेहा मित्तल, सहायक महालेखाकार के पूर्णकालिक पर्यवेक्षण में दिनांक 23.02.2019 से 28.12.2019 तक संपादित की गयी थी, जिसमें अवधि 04/2016 से 03/2019 तक के लेखा-अभिलेखों की जांच की गयी थी।

1. **)i( इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र** -:

(i) भौगोलिक क्षेत्र: **32.60 वर्ग किमी**

(ii) जनसंख्या: - **55791**

(iii) निर्वाचित सदस्यों की संख्या: - **20**

(iv) इकाई द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या: 04

(v) उपसमितियों, स्थायी समितियों की संख्या तथा प्रत्येक आयोजित बैठकों की संख्या:

(vi) कर्मचारियों की संख्या: - स्थायी-**13**, दैनिक/संविदा/उपनल/पी0आर0डी0/आउटसोर्स-**134**

(vii) इकाई की संपत्तियाँ: - **कार्यालय भवन**

(viii) इकाई के अपने प्रोजेक्ट: **कोई नहीं**

(ix) योजनाओं की संख्या: **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(x) (अ) सामाजिक संरक्षा:

(ब) रोजगार सृजन से संबन्धित:

(स) वर्ष के दौरान पूर्ण की गई योजनायें:

(द) लाभार्थियों की संख्या:

(xi) वर्ष के दौरान कर, रेट्स ड्यूटी चुंगी आदि की वसूली तथा बकाया राशि: **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(xii) वर्ष के दौरान कुल व्यय

(अ) सामान्य :

(ब) योजनाओं पर (प्रत्येक योजना का अलग-अलग दर्शाया जाय) एवं संलग्नक के रूप में लगाया जाये | : **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(xiii) क्या वार्षिक योजनाओं एवं बजट पर निर्वाचित निकाय द्वारा चर्चा की गयी तथा उसे पारित किया गया: **हाँ**

**भाग-I. 2(ii)(अ)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला, देहरादून को विगत तीन वर्षो के दौरान बजट आवंटन एवं व्यय का विवरण**

*समस्त धनराशि (`) मे*

| वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना (NP) | | गैर स्थापना (P) | | अवशेष | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | स्थापना (NP) | | गैर स्थापना (P) | |
| | स्थापना (NP) | गैर स्थापना (P) | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आधिक्य (+) | बचत (-) | आधिक्य (+) | बचत (-) |
| | | | | | | | | | | |

भारत सरकार द्वारा 11 फरवरी 2017 को जारी किए गये General Financial Rule, 2017 के द्वारा स्थापना एवं गैर स्थापना व्यय के वर्गीकरण को समाप्त कर दिया गया है।

**(धनराशि ₹ में)**

**भाग-I. 2(ii)(ब) - कार्यालय नगर पालिका परिषद, डोईवाला , देहरादून का वर्ष 2017-18 का आय-व्यय विवरण**

| क्र.सं. | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | कुल प्राप्तियाँ | वर्ष के दौरान व्यय | अन्तिम अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14वां वित्त आयोग | 1667000 | 7186000 | 8853000 | 6038220 | 2814780 |
| 2 | राज्य वित्त आयोग | 1930176 | 39656000 | 41586176 | 40691145 | 895031 |
| 3 | अवस्थापना विकास निधि | 129199 | 4813 | 134012 | 0 | 134012 |
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन (IHHL) | 491320 | 784000 | 1275320 | 882929 | 392391 |
| 5 | स्वच्छ भारत मिशन(IEC) | 56440 | 130000 | 186440 | 186440 | 0 |
| 6 | पालिका निधि (जमानत एवं ब्याज सहित) | 1491896 | 2120921 | 3612817 | 2497021 | 1115796 |
| | कुल योग | **5766031** | **49881734** | **55647765** | **50295755** | **5352010** |

| कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला , देहरादून का वर्ष 2018-19 का आय-व्यय विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मद का नाम** | **पूर्व वर्ष का अवशेष** | **वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ** | **कुल प्राप्तियाँ** | **वर्ष के दौरान व्यय** | **अन्तिम अवशेष** |
| 1 | 14वां वित्त आयोग | 2814780 | 4882000 | 7696780 | 5054513 | 2642267 |
| 2 | राज्य वित्त आयोग | 895031 | 39807000 | 40702031 | 25320490 | 15381541 |
| 3 | अवस्थापना विकास निधि | 134012 | 4752 | 138764 | 0 | 138764 |
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन (IHHL) | 392391 | 0 | 392391 | 9999 | 382392 |
| 5 | स्वच्छ भारत मिशन (IEC) | 0 | 50000 | 50000 | 0 | 50000 |
| 6 | पालिका निधि (जमानत एवं ब्याज सहित) | 1115796 | 3197145 | 4312941 | 1974686 | 2338255 |
| 7 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 0 | 2955000 | 2955000 | 0 | 2955000 |
| 8 | ग्राम पंचायतों से प्राप्त 14वें वित्त की राशि | 0 | 36540584 | 36540584 | 3763200 | 32777384 |
| 9 | ग्राम पंचायतों से प्राप्त राज्य वित्त की राशि | 0 | 5346578 | 5346578 | 0 | 5346578 |
| 10 | 14वां वित्त आयोगद क्षता अनुदान | 0 | 850290 | 850290 | 0 | 850290 |
| 11 | इन्वेस्टर समिट | 0 | 1000000 | 1000000 | 1000000 | 0 |
| | **कुल योग** | **5352010** | **94633349** | **99985359** | **37122888** | **62862471** |

| कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला , देहरादून का वर्ष 2019-20 का आय-व्यय विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **मद का नाम** | **पूर्व वर्ष का अवशेष** | **वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ** | **कुल प्राप्तियाँ** | **वर्ष के दौरान व्यय** | **अन्तिम अवशेष** |
| 1 | 14वां वित्त आयोग | 2642267 | 13017600 | 15659867 | 14866245 | 793622 |
| 2 | राज्य वित्त आयोग | 15381541 | 41404000 | 56785541 | 53792520 | 2993021 |
| 3 | अवस्थापना विकास निधि | 138764 | 12590084 | 12728848 | 0 | 12728848 |
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन (IHHL) | 382392 | 6348582 | 6730974 | 361592 | 6369382 |
| 5 | स्वच्छ भारत मिशन (IEC) | 50000 | 80000 | 130000 | 70800 | 59200 |
| 6 | पालिका निधि (जमानत एवं ब्याज सहित) | 2338255 | 4491745 | 6830000 | 4480406 | 2349594 |
| 7 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 2955000 | 576000 | 3531000 | 3456432 | 74568 |
| 8 | ग्राम पंचायतों से प्राप्त 14वें वित्त की राशि | 32777384 | 19290480 | 52067864 | 32628057 | 19439807 |
| 9 | ग्राम पंचायतों से प्राप्त राज्य वित्त की राशि | 5346578 | 4284824 | 9631402 | 5497727 | 4133675 |
| 10 | 14वां वित्त आयोग दक्षता अनुदान | 850290 | 0 | 850290 | 503754 | 346536 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन (CT/PT) | 0 | 2020000 | 2020000 | 0 | 2020000 |
| 12 | एन.यू.एल.एम. | 0 | 30256 | 30256 | 12 | 30244 |
| 13 | **कुल योग** | **62862471** | **104133571** | **166996042** | **115657545** | **51338497** |

**लेखाओं पर टिप्पणी:-**

(i) वर्ष के अंत में बड़ी धनराशि बची हुई है, अर्थात योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो रहा है।

(ii) इकाई द्वारा निर्माण कार्य पंजिका नहीं बनाई जा रही है।

**भाग-I. 2(ii)(स)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला , देहरादून का केंद्र पुरोनिधानित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय का विवरण**

| वर्ष | योजना का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | कुल प्राप्तियाँ | वर्ष के दौरान व्यय | अन्तिम अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017-18 | 14वां वित्त आयोग | 1667000 | 7186000 | 8853000 | 6038220 | 2814780 |
| 2018-19 | 14वां वित्त आयोग | 2814780 | 4882000 | 7696780 | 5054513 | 2642267 |
| 2019-20 | 14वां वित्त आयोग | 2642267 | 13017600 | 15659867 | 14866245 | 793622 |
| 2017-18 | स्वच्छ भारत मिशन(IHHL) | 491320 | 784000 | 1275320 | 882929 | 392391 |
| 2018-19 | स्वच्छ भारत मिशन(IHHL) | 392391 | 0 | 392391 | 9999 | 382392 |
| 2019-20 | स्वच्छ भारत मिशन(IHHL) | 382392 | 6348582 | 6730974 | 361592 | 6369382 |
| 2017-18 | स्वच्छ भारत मिशन(IEC) | 56440 | 130000 | 186440 | 186440 | 0 |
| 2018-19 | स्वच्छ भारत मिशन(IEC) | 0 | 50000 | 50000 | 0 | 50000 |
| 2019-20 | स्वच्छ भारत मिशन(IEC) | 50000 | 80000 | 130000 | 70800 | 59200 |
| 2019-20 | स्वच्छ भारत मिशन(CT/PT) | 0 | 2020000 | 2020000 | 0 | 2020000 |
| 2017-18 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2018-19 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 0 | 2955000 | 2955000 | 0 | 2955000 |
| 2019-20 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 2955000 | 576000 | 3531000 | 3456432 | 74568 |

**भाग 2 (ब)**

**प्रस्तर 01:- धनराशि ` 73.15 लाख की देयता का लंबित रहना।**

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, उत्तराखंड की संस्तुतियों पर सरकार द्वार लिए गए निर्णय के क्रम में समस्त स्थानीय निकायों को संक्रमित की जा रही धनराशि की शर्तों के अनुसार शहरी स्थानीय निकायों को संक्रमित की जा रही धनराशि का उपयोग सर्वप्रथम निकायों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत समस्त प्रकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते आदि, पथ-प्रकाश एवं जल संस्थान के देयकों एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के दावों के भुगतान पर किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद, डोईवाला के विद्‌युत बिलों (स्ट्रीट लाइट), के अभिलेखों/ पत्रवालियों  की जाँच मे पाया गया कि अधिशासी अभियंता, विद्‌युत वितरण खण्ड, डोईवाला, उत्तराखण्ड पवार करपोरेशन लि0 डोईवाला के पत्रांक 1662/वि0वि0ख0डो0/ दिनाँक 19.11.2020 के द्वारा इकाई के क्षेत्रांतर्गत लगी स्ट्रीट लाईटों के दिनांक 29.10.2020 तक के धनराशि रु 83.15 लाख के बीजक भुगतान हेतु प्राप्त हुए थे जिसमें ₹ 2.71 लाख की धनराशि अधिभार (Late Payment Surcharge) के रूप में अधिरोपित  की गई थी ।

आगे जाँच में पाया गया कि इकाई द्वारा दिनाँक 30.12.2020 को उत्तराखण्ड पवार कार्पोरेशन लि0, डोईवाला को उक्त धनराशि के सापेक्ष ₹ 10.00 लाख का भुगतान किया गया तथा लेखापरीक्षा तिथि (03/2021) तक धनराशि ₹ 73.15 लाख की देयता लम्बित थी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि समय से भुगतान न करने पर इकाई को सरचार्ज की धनराशि भी जमा करनी पड़ेगी जो इकाई के हित मे नहीं हैं।

उपरोक्त के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों को स्वीकारते हुये अपने उत्तर में बताया गया कि विद्‌युत बिलों  की बकाया धनराशि का भुगतान शीघ्र कर दिया जायेगा ।

इकाई का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि इकाई द्वारा अपने वित्तीय स्रोतों का प्रबंधन एवं इकाई पर देयकों की समय पर गणना कर विद्‌युत देयकों का समायोजन कर लेना चाहिए था ताकि विद्‌युत देयकों का समय पर भुगतान किया जा सके ।

अतः धनराशि `73.15 लाख की देयता लंबित रहने का प्रकरण उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

## भाग2(ब)

**प्रस्तर 02- बैंक खातों से अर्जित ब्याज की धनराशि ` 2.02 लाख को राजकोष में जमा न कराया जाना।**

उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक संख्या 16/xxvii(14)/2017 दिनांक 17.04.2017 के अनुसार विभिन्न बैंक खातों में अर्जित ब्याज की धनराशि को 15 मई 2017 तक राजकोष के लेखाशीर्षक 0049-ब्याज प्राप्तियाँ – 04-राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की ब्याज प्राप्तियाँ, 800-अन्य प्राप्तियाँ, 12-अन्य प्रकीर्ण प्राप्तियों में जमा कराया जाना था।

नगर पालिका परिषद, डोईवाला द्वारा विभिन्न योजनाओं हेतु संचालित बैंक खातों की जाँच में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में इकाई को निम्नांकित विवरणानुसार ₹ 202111/- की धनराशि ब्याज के रूप में प्राप्त हुई थी-

| क. सं | मद का नाम | बैंक | खाता संख्या | प्राप्त ब्याज (₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **अवस्थापना विकास निधि** | SBI | 30047111986 | 107084 |
| 2 | **प्रधानमंत्री आवास योजना** | SBI | 55156813476 | 45718 |
| 3 | **स्वच्छ भारत मिशन** | SBI | 55156813487 | 49053 |
| 4 | **एन0यू0एल0एम0** | SBI | 55156813465 | 256 |
| | | **कुल योग** | | **202111** |

आगे जाँच में पाया गया कि उपरोक्त ब्याज की धनराशि विगत एक वर्ष से निकाय के खातों में पड़ी हुई थी। इस धनराशि को लेखापरीक्षा तिथि(02/2021) तक राजकोष के लेखाशीर्षक (0049) में जमा नहीं कराया गया था।

उपरोक्त के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा तथ्यों एवं आँकड़ों को स्वीकारते हुये अपने उत्तर में बताया गया कि ब्याज की धनराशि को जमा किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ।

अत: बैंक खातों से अर्जित ब्याज की धनराशि ` 2.02 लाख को राजकोष में जमा न कराये जाने का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

## भाग-III

**(क) परिचयात्मक**:कार्यालय **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, डोईवाला, जनपद-देहरादून** के वित्तीय वर्ष **2019-20** के लेखा/अभिलेखों की संप्रेक्षा श्री केदार सिंह, स0. ले.प.अ. तथा श्री अरविंद शर्मा, स.ले.प.अ. द्वारा दिनांक **05.03.2021** से **16.03.2021** तक श्री सुनील कल्ला, व0ले0प0अ0 के पर्यवेक्षण में संपादित की गयी|

**(ख) विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण**:-

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-2 (अ) | भाग-2(ब) | स्टैन |
|---|---|---|---|
| **LB/AIR- 211/2013-14** | शून्य | प्रस्तर संख्या 1,2,3,4,5 | शून्य |
| **LB/AIR- 67/2016-17** | प्रस्तर संख्या 1,2 | प्रस्तर संख्या -1,2,3,4,5,6 | शून्य |
| **LB/AIR- 99/2019-20** | शून्य | प्रस्तर संख्या -1,2,3,4,5 | शून्य |

## भाग – IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

----सामान्य-----

**भाग – V**
**आभार**

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना सम्बन्धी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, डोईवाला, जनपद-देहरादून** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये:

(i)
(ii) } **शून्य**

2. सतत अनियमितताएँ**:** **शून्य**

3. लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया:-

| क्रं.सं. | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री विजय प्रताप सिंह चौहान | अधिशासी अधिकारी | 18.05.2017 से वर्तमान तक |
| **अध्यक्ष/प्रशासक** | | | |
| 01 | श्रीमती सुमित्रा मनवाल | अध्यक्ष | 02.12.2018 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएँ जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका, उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, डोईवाला, जनपद-देहरादून** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि इसकी अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे **उपमहालेखाकार/स्थानीय निकाय, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, देहरादून-248195** को प्रेषित कर दी जाये|

**वरि0 लेखापरीक्षा अधिकारी/ AMG-II**